श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 115, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार, 1 दिसम्बर, 2020 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोरोना काल ने भले ही बहुत कुछ बदल दिया लेकिन काशी की भक्ति-शक्ति व ऊर्जा अक्षुण्ण रही है। इसे कोई थोड़े ही बदल सकता है। सुबह से स्नान-ध्यान और दान में लगे हैं काशी वैसी ही जीवंत है।**

## कोरोना में भी अक्षुण्ण रही काशी की शक्ति-भक्ति व ऊर्जा : पीएम नरेंद्र मोदी

**वाराणसी, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बटन दबा कर सिक्स लेन का लोकार्पण किया। 73 किलोमीटर का यह मार्ग प्रयागराज व वाराणसी को जोड़ेगा। दिसंबर 2014 से इस मार्ग का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। खुजरी की जनसभा के बाद अब प्रधानमंत्री गंगा उस पार डोमरी स्थित भगवान अवधूत राम घाट पहुंचे। इसके बाद क्रूज से विश?वानाथ मंदिर कारिडोर पहुंच कर बाबा विश?वनाथ की पूजा की और अब जल मार्ग से राजघाट पहुंच रहे हैं। यहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीप जलाकर देव दीपावली का शुभारंभ किया। इसके साथ ही शिव आराधना के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।





इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को संबोधित किया। अब प्रधानमंत्री अलकनंदा क्रूज पर सवार होकर राजा चेतसिंह घाट पर लेजर का अवलोकन करने के बाद अब रिंगरोड होकर सारनाथ के लिए निकले हैं। सारनाथ में लाइट ऐंड साउंड शो देख रहे हैं। यहां गौतम बुद्ध के जीवन और सारनाथ के बारे में सिने स्टार अमिताभ बच्चन की आवाज में प्रस्तुतिकरण सभी ने देख-सुना। रात करीब 10 बजकर 22 मिनट पर प्रधानमंत्री बाबतपुर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोरोना काल ने भले ही बहुत कुछ बदल दिया, लेकिन काशी की भक्ति-शक्ति व ऊर्जा अक्षुण्ण रही है। इसे कोई थोड़े ही बदल सकता है। सुबह से काशीवासी स्नान-ध्यान और दान में लगे हैं, काशी वैसी ही जीवंत है। यहां की गलियां वैसी ही ऊर्जा से भरी हैं। गंगा घाट वैसे ही दैदीप्यमान हैं, यही तो है मेरी अविनाशी काशी।

राजघाट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्तिक माह में काशी में गंगा नहान की चर्चा ठेठ बनारसी अंदाज में की। कहा कि, काशी जीवंत है, काशी की गलियां ऊर्जावान है। आज काशी गंगा तट पर प्रकाश गंगा का उत्सव मना रही है। काशी मां अन्नपूर्णा के आगमन की खुशी में मना रही है। देव दीपावली की साक्षी स्वंय महादेव बने हुए है। काशी की महिमा ही ऐसी है। काशी तो आत्म ज्ञान से प्रकाशित होती है। काशी पूरे विश्व को प्रकाश देने वाली है। हर युग में काशी ने विश्व का मार्ग दर्शन किया है। काशी के लोग भी देव स्वरूप है और काशी के 84 घाटों को देवता ही प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा मइया की जय, बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ की जय। नमो बुद्धाय सभी काशीवासियों को, सभी देशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा, देव दीपावली की हार्दिक शुभकामना। सभी को गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की बहुत बहुत बधाई।

नारायण के विशेष महीना माने जाने वाले कार्तिक के लोग कार्तिकी पुनवासी कहेलें। ए पुनवासी पर डुबकी अउर दान पुण्य के महत्व रहल हे। केहु पंचगंगा, दशाश्वमेध ते अस्सीघाट पर डुबकी लगावत आयल हौ। ज्ञानवापी धर्मशाला त पटल रहत रहल। पं. रामकिंकर महाराज पूरी कार्तिक महीना बाबा के कथा सुनावत रहलें।


कोरोना काल ने भले बहुत कुछ बदल दिया है लेकिन काशी की यह ऊर्जा, भक्ति- शक्ति को कोई थोड़े बदल सकता है। सुबह से ही काशीवासी स्नान, ध्यान और दान में ही लगे हैं। काशी वैसे ही जीवंत है। काशी की गलियां वैसी ही ऊर्जा से भरी हैं। काशी के घाट वैसे ही दैदीप्यमान है। यही तो मेरी अविनाशी काशी है। आज काशी गंगा तट पर प्रकाश का उत्सव मना रही है। मुझे भी प्रकाश गंगा में डुबकी लगाने का मौका मिल रहा है। सिक्स लेन लोकार्पण में उपस्थित रहने का अवसर मिला। यहां आने से पहले काशी विश्वनाथ कारिडोर जाने का मौका मिला। रात में सारनाथ में लेजर शो का हिस्सा बनूंगा। इसे महादेव का आशीर्वाद और आप काशीवासियों का स्नेह मानता हूं। काशी के लिए एक और विशेष अवसर है। आपने सुना होगा, कल मन की बात का उल्लेख किया था, योगी जी ने भी दोहराया। सौ साल से भी पहले माता अन्नपूर्णी की जो मूर्ति काशी से चोरी हो गई थी, वो फिर वापस आ रही है। माता अन्नपूर्णी एक बार फिर अपने घर लौट कर आ रहीं हैं। काखी के लिए यह सौभाग्य की बात है। हमारे देवी- देवताओं की प्राचीन मूर्तियां अमूल्य विरासत हैं। इतना प्रयास पहले किया गया होता तो न जाने कितनी मूर्तियां देश को काफी पहले मिल गई होंती लेकिन लोगों की सोच दूसरी रही है। हमारे लिए विरासत का अर्थ है देश की धरोहर जबकि कुछ लोगों के लिए विरासत का मतलब होता है अपना परिवार। हमारे लिए विरासत का मतलब है, संस्कृति व मूल्य। उनके लिए विरासत का अर्थ है अपनी प्रतिमाएं, अपने परिवार की तस्वीरें। ऐसे में उनका ध्यान अपने परिवार की विरासत को बचाने में रहा। हमारा प्रयास देश की विरासत बचाने का है। देशवासियों बताइए सही कर रहा हूं। यह सब आपके आशीर्वाद से हो रहा है।

आज जब काशी की विरासत लौट रही है तो लग रहा है जैसै काशी इस खबर को सुनकर सजी- संवरी है। लाखों दीपों से काशी के चौरासी घाटों का जगमग होना अद्भुत है। गंगा की आभा को यह प्रकाश और भी सुंदर बना रहा है। लग रहा है जैसै पूर्णिमा पर देव दीपावली मना रही काशी महादेव के माथे पर चंद्रमा की तरह चमक रही है। काशी की महिमा ही ऐसी है। शास्त्रों में कहा गया है-काशी तो आत्मज्ञान से प्रकाशित होती है, अतः काशी पूरे विश्व को प्रकाश देने वाली है। पथ- प्रदर्शन करने वाली है। हर युग में काशी के इस प्रयास से किसी न किसी महापुरुष की तपस्या जुड़ जाती है और काशी दुनिया को रास्ता दिखाती रहती है।

हम जिस देव दीपावली का दर्शन कर रहे हैं, इसकी प्रेरणा आदि शंकराचार्य ने दी। अहिल्या बाई होल्कर ने इसे आगे बढ़ाया। उनके द्वारा स्थापित हजारा इस परंपरा का साक्षी है। उन्होंने त्रिपुरासुर राक्षस की कथा सुनाई। काशी से गुरुनानक देव ने लोगों को मार्ग दिखाया। सुधार की प्रक्रिया शुरू की और हर बदलाव का विरोध होता रहा है। चाहे वह किसानों के लिए बना नया कृषि कानून हो या काशी में विश्वनाथ कारिडोर ही क्यों न हो कई लोगों ने विरोध किया। लोगों ने चाह लिया तो श्रीराम मंदिर का निर्माण शुरू हो गई। बनारस में विकास की गति भी तेज गति से हो रहा है। प्राचीन बनारस का बदलता आधुनिक रूप दिखाई देने लगा है। कोरोना संक्रमण काल में काशी के लोगों ने जो सेवा किया उसके लिए मैं आपके सेवा भाव को प्रणाम करता हूं। मैं भी आपकी सेवा में कोई कमी नहीं रहने दूंगा।

## निवार के बाद तमिलनाडु में एक और तूफान दे सकता है दस्तक- IMD

**2 दिसंबर को श्रीलंका तट से टकराने वाले तूफान का असर तमिलनाडु में भी होगा। इसके मद्देनजर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर दी है जिसमें मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।**



**नई दिल्ली, प्रेट्र।** तमिलनाडु को अभी निवार को भूलने का वक्त नहीं मिला कि मौसम विभाग की ओर से एक और तूफान का पूवार्नुमान जताया गया है। सोमवार को मौसम विभाग द्वारा जताए गए पूवार्नुमान में यह जानकारी दी गई है। यह तूफान 2 दिसंबर को श्रीलंका के तट से टकराएगा और तमिलनाडु और केरल में भारी बारिश होगी। पिछले हफ्ते भीषण चक्रवाती तूफान निवार ने तमिलनाडु में कहर बरपा दिया था। एहतियातन करीब ढाई लाख लोगों को यहां सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया था। IMD ने तमिलनाडु और केरल के दक्षिणी इलाकों में चेतावनी जारी कर दी है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि इन इलाकों में आने वाले इस तूफान के कारण भारी बारिश के संकेत हैं। इस तूफान के कारण मौसम भी विकराल रूप ले सकता है इसलिए मछुआरों को भी समुद्र में न जाने को लेकर अलर्ट दिया गया है। क्दऊने बताया कि 1 दिसंबर की रात से ही हवाओं की रफ्तार बदल जाएगी। हवा की रफ्तार 45-55 kmph से 65 kmph हो जाएगी वहीं कोमोरिन एरिया , मन्नार की खाड़ी और तमिलनाडु-केरल तट इसके चपेट में आ जाएगा। इसके अलावा जो लोग समुद्र में हैं उन्हें 30 नवंबर तक किसी भी हाल में तट पर वापस लौटने की सलाह दी गई।

बता दें कि चक्रवात 'निवार' के तमिलनाडु और पुडुचेरी के तट से टकराने के बाद दोनों प्रदेशों के साथपड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में भी तेज हवाओं के साथ जमकर बारिश हुई। 130 से 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने और मूसलधार बारिश से जगह-जगह बाढ़ के हालात बन गए। यहां पेड़ उखड़ गए, बिजली आपूर्ति व इंटरनेट सेवा बाधित हो गई और जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया।

निवार तूफान के कारण तमिलनाडु में हुई क्षति का जायजा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी से ली थी। इसके चपेट में आने वाले मृतकों के आश्रितों के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने मुआवजे की भी घोषणा की थी।

## बॉर्डर पर डटे किसानों ने दी धमकी, बंद कर देंगे दिल्ली का दाना-पानी

**किसानों के आंदोलन को हरियाणा की खाप पंचायतों का भी समर्थन मिल गया है। पंजाब व हरियाणा से भारी संख्या में किसानों के जत्थे सिंघु बॉर्डर पर आ रहे हैं। कांग्रेस व आप नेता किसानों से मिलने सिंघु बॉर्डर पहुंचे।**



**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली।** कई दिनों से सिंघु बॉर्डर पर डेरा डाले किसानों ने सोमवार को फिर एलान किया कि वे बॉर्डर पर डटे रहेंगे। जब तक सरकार बुराड़ी के संत निरंकारी मैदान में गए किसानों को बॉर्डर पर वापस नहीं आने देगी, सरकार से किसी भी प्रकार की बात नहीं की जाएगी। उन्होंने दिल्ली जाने वाले संपर्क मार्गों को बंद करने का एलान किया और धमकी दी कि दिल्ली का दाना-पानी बंद कर देंगे।

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी, स्वराज इंडिया के नेता व संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य योगेंद्र यादव व अन्य नेताओं ने सिंघु बॉर्डर पर प्रेस वार्ता की। किसान नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी किसानों के मन की बात को भी सुनें। किसान नेताओं ने हरियाणा के संपर्क मार्गों से लगते गांवों के किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने इलाके में रास्ते बंद कर दें, ताकि दिल्ली का दाना-पानी बंद किया जा सके। उन्होंने जाम के कारण आ रही परेशानी के लिए जनता से माफी भी मांगी।

किसानों के समर्थन में क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता व पंजाबी अभिनेता योगराज सिंह, आप विधायक राघव चड्ढा भी सिंघु बॉर्डर पहुंचे। दूसरी तरफ निरंकारी मैदान में आप नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल भी किसानों से मिलने पहुंचे। किसानों के आंदोलन को हरियाणा की खाप पंचायतों का भी समर्थन मिल गया है। पंजाब व हरियाणा से भारी संख्या में किसानों के जत्थे सिंघु बॉर्डर पर आ रहे हैं।

बॉर्डर पर फंसे ट्रक चालकों को अनहोनी की आशंका सता रही है। ट्रक चालक जीवीराज व सहायक बलदेव का कहना है कि उनके ट्रक में प्लास्टिक का दाना भरा हुआ है।

## देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में आई कमी, संक्रमित हो चुके मरीजों की संख्या बढ़ी

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** देश में 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के नए मामले 40 हजार से कम रहे। नवंबर महीने में यह सातवां ऐसा मौका रहा जब नए मामले चालीस हजार से कम रहे। इन नए मामलों से अब तक संक्रमित हो चुके मरीजों की संख्या बढ़कर 94.31 लाख हो गई जबकि अब तक 88,47,600 लोग इस बीमारी से निजात पाकर स्वस्थ हो चुके हैं।



स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार एक दिन में 38,772 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 94,31,691 हो गए। वहीं 443 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1,37,139 हो गई।

देश में कुल 88,47,600 लोगों के संक्रमण मुक्त होने के बाद मरीजों के ठीक होने की दर बढ़कर 93.81 फीसद हो गई। वहीं कोरोना से मृत्यु दर 1.45 फीसद है। देश में लगातार 20वें दिन उपचाराधीन लोगों की संख्या पांच लाख से कम है। आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 4,46,952 लोगों का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 4.74 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के अनुसार 29 नवंबर तक 14,03,79,976 नमूनों की कोरोना संबंधी जांच की गई, जिनमें से 8,76,173 नमूनों का परीक्षण रविवार को ही किया गया।

आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 443 लोगों की मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 85, दिल्ली के 68 , बंगाल के 54, केरल के 27, हरियाणा के 26 और उत्तर प्रदेश के 24 लोग थे।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में अभी तक कुल 1,37,139 लोगों की मौत कोरोना से हो चुकी है। इनमें से महाराष्ट्र के 47,071, कर्नाटक के 11,765, तमिलनाडु के 11,703, दिल्ली के 9,066, बंगाल के 8,376 , उत्तर पद्रेश के 7,742, आंध्र प्रदेश के 6,988, पंजाब के 4,780, गुजरात के 3,969 और मध्य प्रदेश के 3,250 लोग थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का आइसीएमआर के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

## जम्मू में रोहिंग्या शरणार्थियों को बसाने के पीछे गहरी साजिश

### पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं से जुड़े हैं तार

**नीलू रंजन, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में रोहिंग्या शरणार्थी खुद-ब-खुद नहीं गए थे, बल्कि उन्हें एक साजिश के तहत लाकर बसाया गया है। केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन की ताजा पड़ताल में यह बात सामने आई है। इसके लिए कुछ एनजीओ का सहारा लिया गया था, जिनके तार पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं से जुड़े बताए जा रहे हैं। साजिश कितनी बड़ी है इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इन एनजीओ को यूएई और पाकिस्तान से हवाला के मार्फत फंडिंग होने के सुबूत भी मिले हैं।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार रोहिंग्या शरणार्थियों को जम्मू-कश्मीर में लाकर बसाने में एक साफ पैटर्न देखा जा सकता है। अब तक 2513 रोहिंग्या परिवारों को लाकर बसाया जा चुका है। इसमें कुल 5514 लोग हैं। ये सभी जम्मू के इलाके में रहते हैं। कश्मीर घाटी में एक भी रोहिंग्या शरणार्थी नहीं है। जबकि इन्हें लाकर बसाने में लगे गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) घाटी से जुड़े हैं। इसके अलावा इन शरणार्थियों को जानबूझ कर सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील स्थानों के पास बसाया गया, जो पिछले तीन दशक से अधिक समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद से ग्रसित इलाके में सुरक्षा के लिए खतरनाक हो सकता है।

सूत्रों के अनुसार केंद्र शासित प्रशासन ने सभी रोहिंग्या शरणार्थियों की पहचान की है और उनसे पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जम्मू में बसाये गए अधिकांश रोहिंग्या शरणार्थियों को पश्चिम बंगाल के मालदा और आसपास के जिलों में शरणार्थी शिविरों से लाया गया। इसके लिए श्रीनगर से एनजीओ के प्रतिनिधियों ने बाकायदा पश्चिम बंगाल में शरणार्थी शिविरों का दौरा किया। वहां उन्हें बताया कि जम्मू-कश्मीर में उनके रहने के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का बेहतर ख्याल रखा जाएगा। एनजीओ के प्रतिनिधियों ने शरणार्थियों को जम्मू तक लाने की पूरी व्यवस्था भी की।

सूत्रों के अनुसार जम्मू में लाकर उनके रहने-खाने की पूरी व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में शरणार्थियों के आने के कारण आसपास के लोगों को दिक्कत होने लगी तो कुछ लोगों ने अपने घर को बेचकर दूसरी जगह जाकर रहना बेहतर समझा। जांच में यह भी पता चला कि इन एनजीओ ने ऐसे घरों को खरीद कर उन्हें रोहिंग्या शरणार्थियों को रहने के लिए दे दिया। जब यह पता लगाने की कोशिश की गई कि इन एनजीओ के पास इतने पैसे कहां से आए तो और भी चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पता चला कि इन एनजीओ के खातों में हवाला के मार्फत पाकिस्तान और यूएई से बड़ी मात्रा में फंडिंग हुई है। सूत्रों के अनुसार इस फंडिंग के पुख्ता सुबूत भी मिल गए हैं।

सूत्रों के अनुसार केंद्र शासित राज्य प्रशासन का रोहिंग्या शरणार्थियों को राज्य से बाहर करने का कोई इरादा नहीं है। उन्हें राज्य में ही रखा जाएगा। लेकिन शरणार्थी परिवारों को अब ऐसे इलाकों में भेजा जाएगा, जो सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील नहीं हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान और यूएई से हवाला फंडिंग के सहारे शरणार्थियों को लाकर बसाने में शामिल एनजीओ के खिलाफ कार्रवाई पर भी विचार किया जा रहा है।

## अपील में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पर लगाया 15 हजार का जुर्माना

**नई दिल्ली, एएनआइ।** एक मामले में 1,006 दिनों की देरी से अपील दायर करने पर सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार पर 15 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकारों को समय-समय पर जारी चेतावनी का उन पर कोई असर नहीं हुआ है। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति नाखुशी जताते हुए कहा कि विलंब के लिए जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ कभी कोई कार्रवाई नहीं की गई और उन्हें बचाने के लिए न्यायिक समय बर्बाद करते हुए ये अपीलें दायर की जाती हैं। जुमार्ना लगाकर अपील को खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि अदालत ऐसे मामलों से निपट चुकी है और राज्य सरकारों को चेतावनी दे चुकी है कि सिर्फ खारिज किए जाने का प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए इस अदालत में न आएं, जिन्हें हम 'प्रमाणपत्र मामले' कहते हैं। पीठ ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता को लगता है कि विधायिका द्वारा निर्धारित समयसीमा पर्याप्त नहीं है, तो वे समयसीमा में बदलाव के लिए कानून में संशोधन के लिए विधायिका को राजी कर सकते हैं। जब तक यह कानून है, तब तक यह जैसा है वैसा ही लागू होगा।



दरअसल, यह अपील श्रम अदालत द्वारा पांच नवंबर, 2009 को प्रेमचंद्र नामक व्यक्ति के पक्ष में सुनाए गए फैसले के खिलाफ दायर की गई थी। प्रेमचंद्र को एक अगस्त, 1985 को बेलदार या चौकीदार के रूप में भर्ती किया गया था और दावे के मुताबिक उसने 30 अप्रैल, 1987 तक लगातार काम किया था। उसने औद्योगिक विवाद का मुद्दा उठाया था क्योंकि कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बगैर हुए उसे हटा दिया गया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 2017 में ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था।

## मार्च-अप्रैल तक भारत में आएगी वैक्सीन, जुलाई तक 25-30 करोड़ लोगों को लगेगा टीका: हर्षवर्धन

**नई दिल्ली, एएनआइ।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने बताया कि अगला साल शुरू होने के बाद संभावना है कि शुरूआती 3-4 महीने में हम देश के लोगों को वैक्सीन उपलब्ध करा पाएंगे। जुलाई-अगस्त तक करीब 25-30 करोड़ लोगों को वैक्सीन देने की योजना है और हम इस हिसाब से तैयारियां कर रहे हैं। वही, पीएम मोदी ने कोरोना वैक्सीन को विकसित और उसका विनिर्माण कर रही तीन टीमों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की है। उन्होंने कंपनियों को सुझाव दिया कि वे लोगों को टीके के प्रभावी होने समेत इससे जुड़े अन्य मामलों को सरल भाषा में बताने का प्रयास करें। इससे पहले पीएम मोदी ने शनिवार को अहमदाबाद, हैदराबाद और पुणे की यात्रा भी की थी। उन्होंने इन शहरों में कोरोना वायरस टीके के विकास और विनिर्माण प्रक्रिया की समीक्षा की थी। भारत में इस महीने 7वीं बार एक दिन में कोरोना वायरस के 40,000 से कम मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 94 लाख से अधिक हो गए, जिनमें से 88 लाख 47 हजार 600 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार एक दिन में 38,772 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 94 लाख 31 हजार 691 हो गए हैं। वहीं 443 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 1 लाख 37 हजार 139 हो गई है।



# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### बारात से बोलेरो सहित लाखों रुपये चोरों ने किया पार

**करछना।** क्षेत्र के भडेंवरा गाव निवासी जटाशंकर पाडेय के घर रविवार रात अज्ञात चोरो ने घर के पीछे से घुसे और कमरे रखा बाक्स का ताला तोडकर उसमे रखे ढेड लाख रुपए चोरो ने पार कर दिया।भुक्तभोगी ने करछना थाने में अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है।उधर मंडवा गांव मे बारात मे शामिल होने बोलेरो से गये नागेन्द्र यादव की बोलेरो को चोरो ने पार कर दिया रात मे खाना खाने के बाद वापस गाडी के पास आया तो देखा कि गायब थी काफी खोजबीन किया लेकिन कही पता न चलने पर भुक्तभोगी ने थाने मे तहरीर दी है।

### करछना में जाम से दिन भर जूझते रहे लोग

**करछना।** सोमवार को शादी विवाह की लगन तेज होने के चलते करछना बाजार मे घंटो जाम के झाम से लोग जूझते रहे शादी ब्याह, तिलक की एका एक भरमार के चलते सडकों पर गाडियो कीं भी भरमार हो गई है ।, लोगो का कहना था कि पटरियो पर हुए अतिक्रमण के चलते आये दिन जाम लगा रहता है जिसके चलते जहा व्यवसाइयो का व्यवसाय प्रभावित तो होता ही है वही अक्सर कई मरीज भी फस जाते है जिससे उनका समय से उपचार नही हो पाता।जाम के चलते लोगो को भारी फजीहत उठानी पडती हैं वही पुलिस साधुकूटी से भारी वाहनो का रूट डार्यवजन कर जाम खुलवाया। देरशाम तक लगन के चलते बडी सख्या मे वाहनो की कतार करछना कोहडार मार्ग और पचदेवरा गौहनिया मार्ग पर गाडियो की लबी कतार लगी रही। जिसके चलते कईबार जाम की स्थिती बनी रही ।

# नई दुल्हन का शव संदिग्ध हालात में सुहाग के सेज पर मिलने से मचा हड़कंप, पति फरार, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला पूरे मियां जी में बहू भोज की सुबह दुल्हन के मौत की घटना सुन कर सभी रह गये आश्चर्य चकित**

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्तिमपरिक्षण के लिए भेज दिया**


बिस्तर पर पड़ा दुल्हन का शव व इनसेट में मृतका की फाइल फोटो


सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला पूरे मियां जी में एक युवक की बारात रविवार को सेवाइथ गयी। दुल्हन शाम को बिदा होकर ससुराल आयी। सोमवार को सुबह दुल्हन का शव सुहाग की सेज पर संदिग्ध हालात में मिला। पति फरार हो गया। मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच कर और दहेज की मांग न पूरी होने पर हत्या करने का आरोप लगाए। तथा पति सहित तीन पर केस दर्ज करा दिए । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है । मऊआइमा कस्बा नगर पंचायत के मोहल्ला पूरे मियां जी निवासी मोहम्मद खलील ने अपने पुत्र मोहम्मद नफीस की बारात रविवार को सोरांव के ग्राम सेवाइथ निवासी मोहम्मद नसीम पुत्र रज्जाक के यहां लेकर गया । जहां मोहम्मद नसीम की पुत्री नुसरत बानों (21) के साथ निकाह हुआ। भोजन आदि करने के बाद शाम को हंसी खुशी दुल्हन को बिदा करा कर घर लेकर आए। तथा सोमवार को वलीमा (बहूभोज) का कार्यक्रम रखा गया था। बताया गया है कि सोमवार को नव विवाहिता नुजहत बानों सुहाग की सेज पर मृत्यु पायी गयी । तथा पति नफीस फरार था। घर में कोहराम मच गया। इसकी सूचना दुल्हन के परिजनों को दी गई। मृतका नुजहत बनो के मयके वाले आ गये और यह आरोप लगाए कि दहेज में बाइक न मिलने पर नुजहत बानों के पति नफीस, जेठ रईस, ससुर खलील ने हत्या कर दी । तथा मृतका के भाई अदनान की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नवविवाहिता का पति नफीस रात से ही फरार चल रहा है। बताया गया है कि मृतका नुजहत बानों पांच बहनों पांच भाईयों में भाईयों से बडी तीन बहनों से छोटी थी। इस घटना से नुजहत के भाई बहनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर भक्तों ने श्रद्धा से पूजा श्री हरि को

**सहसों।** कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा को कार्तिक पूर्णिमा कहते हैं द्य कार्तिक पूर्णिमा का शास्त्रों में बहुत महत्व माना गया है द्य जो ब्यक्ति इस दिन श्री हरि का विधिविधान पूर्वक पूजन करता है द्य उसके जीवन से सभी संतापों का अंत हो जाता है द्य इस दिन गंगा स्नानए दीपदानए यज्ञ और इश्वर की उपासना की जाती है द्य इस दिन किये जाने वाले दान पुन्य समेत कई धार्मिक कार्य विशेष फलदायी होतें हैं द्य इस पावन पुनीत अवसर पर विगाहियाँ निवासी श्री विनोद कुमार तिवारी ने श्रद्धा पूर्वक परिवार समेत विधिविधान से भगवान सत्यनारायण की व्रत कथा सुनी कथा का श्रवण कराते हुए आचार्य पंडित महेश शास्त्री ने बताया कि जो मनुष्य श्रद्धा भक्ति से कार्तिक पूर्णिमा के दिन अपने घरों में हवन, यज्ञ, पूजा आदि करा सकते हैं, इस दिन भक्त लोग गंगा या यमुना स्नान को जातें हैंए ऐसा माना जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण व दान करने से भक्तों की मनोकामना पूर्ण हो जाती है। और पुण्य फल दोगुना हो जाता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन व्रत करने वाले भक्त इस दिन ब्राह्मणों या योग्य पात्र मनुष्य, दीन.हीन, साधू संत को दान करके पुण्य के भागी बनते हैं।

# बड़े हादसे को दावत दे रही सिरसा घाट की ओवरलोड स्ट्रीमर


यात्रियों से भरी स्टीमर व इंतजार करते लोग

**सिरसा प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा गंगा फेरी घाट पर बनने वाला पांटून पुल समय से न चालू होने और शादी-व्याह के तेज भीड़ होने के कारण यात्रियों की भारी भीड़ लग रही है। बता दें कि सिरसा व सैदाबाद को जोड़ने वाला पांटून पुल समय से न चालू होने से घाट पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो जा रहे हैं ' शादी-ब्याह के सीजन में यात्रियों की काफी भीड़ गंगा आरपार यात्रा करने के लिए लग रही है। वहीं क्षमता से अधिक यात्रियों को स्टीमर के द्वारा आरपार कराया जा रहा है। ऐसे में यदि विभागीय अधिकारी और प्रशासन सचेत नहीं हुआ तो किसी भी समय जानलेवा दुर्घटना घट सकती है। वहीं राहगीरों की माने तो प्रशासन के द्वारा घाटों पर ठेकेदारों से वसूली बंद करा दिया गया है यही कारण है कि पुल निर्माण में देरी हो रही है। जिसका खामियाजा सिरसा बाजार आने वाले आसपास के लोगों को उठाना पड़ रहा है।

# यमुनापार एसपी से मिलकर जल्द से जल्द व्यपारी की हत्या के खुलासे की हुई मांग



एसपी से वार्ता करते मेजा रोड व्यापार मण्डल

**सिरसा।** मेजा थाना क्षेत्र मेजारोड व्यपार मंडल के संरक्षक ईंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय ने व्यापारी की हत्या के खुलासे को लेकर एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्रा से मिलकर वार्ता की। बता दें कि दो दिन पहले सिरसा बाजार के कपसहाई मोहल्ले के विजय केसरी की मेजारोड कपड़े की दुकान बंद कर घर जाते समय अज्ञात बदमाशों द्वारा अपहरण कर हत्या कर दी गई। जिसको लेकर मेजारोड व्यापार मंडल के संरक्षक ई0 नित्यानंद उपाध्याय ने एसपी यमुनापार चक्रेश मिश्रा से मिलकर व्यापारी विजय केसरी के हत्यारों की जल्द से जल्द खुलासे की मांग किया। मेजारोड व्यपरमण्डल ने कहा कि जल्द से जल्द अलराधियो को गिरप्तार किया जाय। वार्ता के दौरान समाजसेवी सिद्धांत तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय सहित व्यपारीगण उपस्थित रहे।

# शोक सभा कर दी गई श्रद्धांजली


स्व0 डा. उदय राज सिंह के छाया चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि देते हुए

**हनुमानगंज।** हनुमान शिक्षा समिति के उप प्रबन्धक एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व० डॉ० उदय राज सिंह के आकस्मिक निधन होजाने से सोमवार को हनुमान इंटर कालेज लाहुरपुर के प्रांगण में शिक्षा समिति की ओर से एक शोक सभा आयोजित किया गया। जिसमे शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ० सी०बी० सिंह, ने उनके छाया चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तत्पश्चात उन्हों ने उनके जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व0 डा0उदयराज सिंह ब्यक्तित्व के धनी थे जिसके सभी लोग कायल थे वो हमेशा सच्चाई इमानदारी की राह पर चलने वाले मजबूर बेसहरा लोगों कि मदद करना उनके लिए सर्वोपरि था। प्रबन्धक सूर्य चन्द्र केसरवानी, प्रधानाचार्य डॉ० आनन्द पांडेय, हनुमन्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० शैलेश यादव ने भी उनके चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित की सभी ने उनके निधन पर शोक जताया। इस अवसर पर तीर्थराज वर्मा, चन्द्र शेखर सिंह, राम सेवक त्रिपाठी, राम कैलाश सिंह, सहित सभी शिक्षक तथा समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## किसानों के विकास के बिना मुल्क की तरक्की असंभव : मनोज

**करमा ।** भारत की आत्मा गाँवों में निवास करती हैं और किसान इसके अभिन्न हैं बिना किसान कों संरक्षण एवम सम्मान प्रदान किये मुल्क की तरक्की के विषय में कल्पना करना रेगिस्तान में मछली पालने के समान होगा आगे नारी शक्ति पर परिचर्चा करतें हुए बोले किस्त्री के माध्यम से ही देश एवम समाज की प्रगति संभव हैं आज महिलाएं समाजसेवा के साथ विभिन्न सरकारी पदों एवम राजनीति के अर्श पर विराजमान होकर देश एवम समाज की प्रगति हेतु तत्पर हैं किन्तु हमारा दुर्भाग्य हैं कि इक्कीसवीं सदी के इस विज्ञान युग में आज भी नारी के साथ अनेकों भेदभाव एवम अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहें हैं जों किसी भी रूप से सुखद नही हैं और इसके परिणाम निकट भविष्य में काफी दुखदायी एवम भयावह होगा उक्त प्रेरणास्पद विचार करमा क्षेत्र के जय माँ शारदा ईट उद्योग के तत्वावधान में संयोजक मनोज कुमार पटेल के हैं । अवसर पर तमाम ग्रामीण मौजूद रहें ।

# कार व बाइक की जोरदार टक्कर में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत


रोते बिलखते मृतक के परिजन

**मेजा/प्रयागराज।** क्षेत्र के बनका डुहिया के समीप कार व बाइक की आमने सामने टक्कर में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार तदरिया गांव निवासी सुभाष चंद्र निषाद बाइक से 23 नवंबर को अपनी ससुराल शादी समारोह में शामिल होने के लिए दशरथपुर आया हुआ था। जहां से वह किसी कार्य वस सिरसा बाजार के लिए निकला ही था कि रास्ते में बनका डूहिया गांव के समीप आमने-सामने कार से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुभाष 5 फीट ऊपर उड़ते हुए लगभग 100 मीटर दूरी पर जा गिरा था। जिसके कारण हो गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर हालत में उसे प्रयागराज स्वरूपरानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एक हफ्ते इलाज के बाद स्थिति खराब देख डॉक्टरों ने उसे बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के पहले ही उसकी मौत हो गई। सोमवार दोपहर मृतक का शव घर पहुंचते ही परिजन दहाड़ मार कर रोना पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी जेवनिया आशुतोष दीक्षित व उपनिरीक्षक दिनेश कुमार यादव ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## गुरुनानक जी का संपूर्ण जीवन अनुकरणीय एवम प्रशंसनीय : ठकुरिया

**करमा।** गुरु नानक जी संपूर्ण जीवन त्याग, बलिदान एवम राष्ट्रहित के संघर्षो में व्यतीत हुआ वर्तमान पीढी. कों गुरुनानक जी के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे समाज एवम राष्ट्रहित में योगदान देनें की आवश्यकता हैं उक्त बातें युवा समाजसेवी एवम शिक्षक राघवेन्द्र ठकुरिया नें सोमवार कों करछना के अमिलो में आयोजित गुरुनानक जयंती पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप व्यक्त किये आगे श्री ठकुरिया नें युवाओं कों संबोधित करतें हुए यह भी बोले कि राष्ट्र का समुचित विकास तभी संभव हैं जब युवावर्ग नशा इत्यादि का परित्याग करके शिक्षा एवम महापुरुषों के पदचिन्हों का अनुसरण करके उनके दिखाएं मार्ग पर आगे बढ़े । उक्त कार्यक्रम में रामधीरज, जय प्रकाश, आकाश , प्रभुदयाल, रोहिणी, अनामिका इत्यादि लोग मौजूद रहें ।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक्यूप्रेशर द्वारा उपचार असीम सम्भावनाएँ : अश्विनी चौबे

**प्रयागराज।** एक्यूप्रेशर संस्थान के २२वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आज ५वें दिन समापन हो गया। समापन समारोह को दीक्षान्त एवं सम्मान समारोह के रूप में आयोजित किया गया। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अश्विनी चौबे मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन के समापन समारोह सम्बोधित करते हुए श्री चौबे ने प्रशिक्षुओं को कोराना काल से बचाव करते हुए अनवरत ५ दिनों तक सुपर एडवांस ट्रेनिंग कार्यक्रम को पूरा करने एवं इस विधा के प्रचार-प्रसार में योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कई नव-नियुक्त प्रवक्ताओं को एवं उत्कृष्ट योगदान देने वाले समन्वयकों को सम्मानित भी किया। मुख्य सम्मान के रूप में २०२० का माता प्रसाद खेमका सम्मान इस वर्ष माननीय मंत्री महोदय के द्वारा श्री विशाल जायसवाल को राष्ट्रीय/ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए विशाल जायसवाल को दिया गया। इस सम्मेलन में अनेक असाध्य रोगों पर आधारित शोध-पत्र प्रस्तुत किये गये थे, जिनमें से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी दिये गये। संस्थान के अध्यक्ष श्री जे.पी अग्रवाल ने अपनी विशेष कक्षाओं के माध्यम से अति महत्वपूर्ण उपचार प्रबन्ध प्रस्तुत किये। निदेशक श्री ए.के. द्विवेदी ने एलर्जी से होने वाले बीमारियों का प्रचार एक्यूप्रेशर द्वारा सरलता से वैष्ठसे हो? इस पर अपना उपचार प्रबन्ध विस्तार से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक श्री के.सी. गोयल ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि भविष्य में आनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से सम्मेलन आयोजित करने की मजबूरी नहीं होगी और हम सब आमने-सामने बैठकर यह अवसर और अधिक उपयोगी बनायेंगे। उन्होंने मंत्री महोदय का आभार व्यक्त किया और प्रशिक्षुओं को भी शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## सोलर उपक्रम विद्युत का एक अनूठा विकल्प : अमर चन्द्र

**करमा।** अर्थशास्त्र में 'आवश्यकता ही आविष्कार की जननी हैं' उक्त कथन बहुचर्चित हैं ग्रामीण क्षेत्रों में बहुधा विद्युत कटौती एवम विभिन्न समस्याए आये दिन बनीं रहती हैं । घूरपुर से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर चाका ब्लाक के बादलगंज निवासी अमर चन्द्र पटेल सोलर उपक्रम लगवाकर विद्युत संबन्धी विभिन्न समस्याओं से निजात पा चुके हैं साथ ही क्षेत्र में अन्य लोगों कों भी जागरूक कर रहें हैं । एक प्रश्न के जवाब में श्री अमर चन्द्र पटेल नें यह जानकारी प्रदान किये कि सोलर लाइट विद्युत का एक मजबूत विकल्प हैं इसके प्रयोग से पेयजल समेत कृषि इत्यादि क्षेत्रों में काफी मजबूती रहती हैं आगे उन्होने यह भी बताया कि क्षेत्र में इन दिनों व अन्य किसानों कों भी सोलर इस्तेमाल के लिए जागरूक भी कर रहें हैं श्री पटेल के मुताबिक बागवानी, कृषि अन्य विभिन्न विद्युत आवश्यकताओ की पूर्ति हेतु विद्युत के विभिन्न विकल्पों में सोलर उपक्रम सर्वश्रेष्ठ हैं ।

# पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर उमड़ी भीड़



**करछना।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में आने वाली पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा कहलाती है। सोमवार के दिन पड़ रही है। लेकिन पूर्णिमा तिथि रविवार दोपहर 12 बजकर 49 मिनट से ही शुरू हो चुकी है। कार्तिक पूर्णिमा का शास्त्रों में बहुत महत्व माना गया है। जो व्यक्ति इस दिन विधिपूर्वक पूजन करता है, उसके जीवन से सभी संतापों का अंत हो जाता है। इस दिन गंगा स्नान, दीपदान, यज्ञ और ईश्वर की उपासना की जाती है। इस दिन किए जाने वाले दान-पुण्य समेत कई धार्मिक कार्य विशेष फलदायी होते हैं नारद पुराण के अनुसार ऐसा कहा गया है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने अपना पहला अवतार धारण किया था। इस भगवान कार्तिकेय की विधि पूर्वक पूजा करनी चाहिए। कार्तिक के महीने में गंगा और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करने का महत्व मना जाता है। कार्तिक महीने के दौरान गंगा में स्नान करने की शुरूआत शरद पूर्णिमा से हो जाती है और जो कार्तिक पूर्णिमा पर समाप्त होती है।

## शत्रुसम्पत्ति की भौतिक व स्थलीय जॉच करने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने मंझनपुर तहसील के पाता स्थिति गाटा संख्या 368 रकबा 1.495 हेक्टेयर में शत्रुसम्पत्ति व ग्राम समाज तथा सरकारी भूमि में कियें गये पट्टे व बैनामें के सम्बन्ध में टीम गठित करके भौतिक स्थलीय खसरा सन् 1359 का सत्यापन करते हुए अवैध कब्जे की जॉच कर नजरी नक्शे के साथ तथ्यात्माक जॉच कर एक सप्ताह के अन्दर रिर्पाट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि शत्रु सम्पत्ति की नीलामी की गयी हो तो उसका पालन की गयी प्रक्रिया और दोष निर्धाण्ण करते हुए आख्या देने का निर्देश उन्होंने दिया है। जिलाधिकारी ने इसी ग्राम सभा के अन्तर्गत गाटा संख्या 1914 रकबा 0.365 की भी जॉच के लिए अधिशाषी अभियन्ता मंझनपुर व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद मंझनपुर को जॉचकर आख्या देने का निर्देश दिया है।

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज मंगलवार, 1 दिसम्बर, 2020

# देव दीपावली का भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजन सम्पन्न

## देव दीपावली पर संगम नोज तथा आस-पास के घाटों को लगभग 51000 दीपों के माध्यम से भव्य रूप से सजाया गया

**प्रयागराज।** प्रयागराज मेला प्राधिकरण के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को देव दीपावली के पावन पर्व का भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजन किया गया। संगम नोज तथा आस-पास के घाटों को प्रयागराज मेला प्राधिकरण के द्वारा लगभग 51000 दीपों के माध्यम से भव्य रूप से सजाया गया। देव दीपावली पर मां गंगा की भव्य रूप से आरती की गयी। इस अवसर पर कोविड-19 के दिशा-निदेशों का अनुपालन करते हुए देव दीपावली पर्व को मनाया गया। देव दीपावली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों की जो जिम्मेदारी तय की गयी थी, उसी के अनुरूप विभागों के द्वारा व्यव्थायें की गयी थी। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया था। श्रद्धालुओं के लिए लाइट, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समुचित व्यवस्था की गयी थी। इस अवसर पर आईजी जोन- के0पी0 सिंह, जिलाधिकारी-भानु चन्द्र गोस्वामी, डीआईजी/एसएसपी- सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, एडीएम सिटी-अशोक कुमार कनौजिया, सिटी मजिस्ट्रेट तथा मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी के साथ अन्य विभाग के अधिकारीगण मौजूद थे।



संगम तट पर गंगा मइया की आरती करते हुए



उपस्थित जिलाधिकारी व प्रशासनिक अधिकारीगण

### शोकसभा कर कामरेड जिया भाई को दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से देश की आजादी में योगदान देने वाले कामरेड जियाउल हक (जिया भाई) को श्रद्धांजलि देने के लिए जानसेनगंज स्थित पार्टी कार्यालय में शोकसभा हुई। जिया भाई को श्रद्धांजलि देने के लिए, साहित्यकारों, समाजसेवियों, ट्रेड यूनियनों, किसान सभा और छात्रसभा से जुड़े लोगों का जमावड़ा लगा। मौजूद लोगों ने जिया भाई के द्वारा किए गए समाज हित और जन हित के कार्यों को याद करते हुए विचार रखे। दो मिनट का मौन रखा गया। अली अहमद फातमी, रामसागर, अनु सिंह, जवाहर लाल विश्वकर्मा, मुस्तकीम अहमद, नसीम अंसारी, आनंद मालवीय आदि मौजूद रहे।

## सड़क चौड़ीकरण की जद में इविवि का भवन

**प्रयागराज।** स्मार्ट सिटी के तहत शहर की पंद्रह सड़कों के चौड़ीकरण का काम तेज कर दिया गया है। प्रस्तावित मार्गों के नाप जोख का काम शुरू कराने के साथ ही अब अतिक्रमण तोडने का काम शुरू होगा। विकास प्राधिकरण के कर्मचारियों ने इविवि के पीसी बनर्जी हास्टल के पास विवि के नए भवन के पास मापी का काम किया। नए भवन की बाउंड्री अतिक्रमण की जद में आ रही है। पीडीए उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने सड़कों के चौड़ीकरण का काम तेज करने का निर्देश दिया है। इसी कड़ी में उन्होंने रविवार को कटरा मार्ग और शोभनाथ सिंह मार्ग का निरीक्षण किया। इन दोनों सड़कों की चौड़ाई फोर लेन की तरह की जानी है। इसी मार्ग पर इविवि का विज्ञान संकाय का भवन भी है जो कि अतिक्रमण के दायरे में आ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सभी पंद्रह सड़कों केचौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाया जाना है। इन सभी मार्गों पर सड़कों की नपाई का काम चल रहा है। उल्लेखनीय है कि पंद्रह सड़कों में से अब तक मिशन रोड, लोहिया रोड, पन्नालाल रोड, तेज बहादुर सप्रू मार्ग और स्ट्रेची रोड पर काम शुरू किया गया है। पीडीए उपाध्यक्ष ने जल्द ही अन्य सभी सड़कों पर काम शुरू करने का निर्देश दिया है।



प्रस्तावित मार्ग का नाप जोख करते हुए

### सीएमी डिग्री कालेज में इविवि की प्रवेश परीक्षा में शामिल प्रवेशार्थियों का प्रवेश आज

**प्रयागराज।** सी0एम0पी0 डिग्री कॉलेज में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शामिल प्रवेशार्थियों का प्रवेश निम्नानुसार होगा। BA- OBC के अंतर्गत 107 या अधिक SC-104 एंव ST के सभी प्रवेशार्थी।

BCA - GENERAL के अंतर्गत 68 या अधिकए EWS के सभी प्रवेशार्थी SC - के सभी प्रवेशार्थी ST -के सभी प्रवेशार्थी। उक्तानुसर प्रवेशार्थियों की आनलाईन काउंसिल होगीए तत्पश्चात उनकी प्रवेश की सीटों का आवंटन वरीयता क्रम के अनुसार किया जायेगा। इच्छुक प्रवेशार्थी महाविद्यालय के प्रवेश पोर्टल - www.cmpadmission.ac.in पर जाकर प्रवेश संबंधी कार्यवाही पूर्ण करें। विस्तृत सूचना महाविद्यालय वेबसाइट पर www.cmpcollege.ac.in एवं सूचना पट पर चस्पा है।

## 116 पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना, जिले में 46 मतदान केंद्र



रवाना होती पोलिंग पार्टियां

**प्रयागराज।** इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक चुनाव के लिए मतदान एक दिसंबर को होगा। मतदान से एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टियां मेरी लूकस स्कूल एवं कॉलेज से रवाना हुईं।

सुबह आठ बजे से ही आने वाली टीम को बस्ता देने का काम किया गया। अलग-अलग शिविरों से क्षेत्रवार मतदान कर्मी रवाना हुए। एडीएम प्रशासन विजय शंकर दुबे ने बताया कि प्रयागराज में कुल 63 हजार 729 मतदाता हैं। जिसमें से 44 हजार 302 पुरुष और 19 हजार 427 महिलाएं हैं। चुनाव के लिए 24 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, जबकि 10 जोनल मजिस्ट्रेट भी निगरानी करेंगे। मतदान मंगलवार सुबह आठ बजे शुरू होगा। मतदान के बाद बैलट बॉक्स मेरी लूकस में ही जमा किया जाएगा। मतगणना तीन दिसंबर को झांसी में होगी।

## आस्था बचाने को आभा ने शुरू की मुहिम

**प्रयागराज।** दीप पर्व बीतने के बाद पेड़ों के नीचे और सड़कों के किनारे पड़ी रखी देवी-देवताओं की मूर्तियां देख आभा सिंह को बहुत कष्ट हो रहा था। जयरामपुर पटपड़ निवासी आभा सिंह ने आस्था को बचाने के लिए अनूठी मुहिम शुरू की है। आभा सहेलियों के साथ बीते एक सप्ताह से पेड़ के नीचे और सड़कों के किनारे मूर्तियां एकत्र कर संगम क्षेत्र में विसर्जित कर रही हैं। सहेलियों के साथ आभा प्रतिदिन सुबह-शाम अलग-अलग मोहल्लों में जाकर मूर्तियां एकत्र कर रही हैं। एकत्र की गईं मूर्तियां पर्यावरण और नदी संरक्षण को ध्यान में रखकर बालू के नीचे दबाई जाएंगी। अनूठी मुहिम पर आभा ने बताया कि हर मोहल्ले के गलियों में पेड़ के नीचे और सड़कों किनारे मूर्तियां बिखरी पड़ीं हैं। यह आस्था के साथ खिलवाड़ है। पर्व पर देवी-देवताओं की नई मूर्तियां घर में आगमन होते ही पुरानी मूर्तियां बाहर रख दी जाती हैं। गलियों में बिखरी मूर्तियों का अपमान होता है। इनका सही और सम्मान तरीके से निस्तारण होना चाहिए। ये सभी की जिम्मेदारी है। आभा ने बताया कि आस्था को बचाना और सम्मान करना सभी का कर्तव्य है। शहर के हर मोहल्ले में मूर्तियां बिखरी है। इन मूर्तियों को एकत्र कर एक स्थान पर विसर्जित की जाएं। इसके लिए नगर निगम की मदद चाहिए। मूर्तियों के विसर्जन के लिए आभा महापौर से मदद की गुहार लगाएंगी। अनूठी मुहिम में आभा सिंह की मदद आस्था मिश्रा, गायत्री शुक्ला, अल्का चतुर्वेदी, विट्टन साहू, सोनी लखमानी, नमन आर्या कर रही हैं।

## स्पेशल वैन से गांव-गांव पहुंचेगी कोरोना वैक्सीन

**प्रयागराज।** कोरोना संक्रमण की वैक्सीन कब आएगी, अभी यह तय नहीं है। फिलहाल वैक्सीन आने से पहले की तैयारियों में स्वास्थ्य विभाग जुटा है। आम जनता को वैक्सीन उपलब्ध कराने के इंतजाम किए जा रहे हैं। तेजबहादुर सप्रू अस्पताल (बेली) में कोरोना वैक्सीन सेंटर से जिले की अन्य जगहों पर भेजी जाएगी। इसके लिए स्पेशल वैन का इस्तेमाल किया जाएगा। यह वैन वैक्सीन के हिसाब से होगी।




जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अमित श्रीवास्तव के अनुसार, कोरोना वैक्सीन को आम जनता तक सुगमता से पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। अलग-अलग बिंदुओं पर विभागीय टीम कार्य कर रही है। इसी के अंतर्गत बेली अस्पताल स्थित सेंटर से वैक्सीन अन्य जगह पहुंचाने के लिए स्पेशल वैन का इस्तेमाल किया जाएगा। वैन में कोल्ड बॉक्स लगाया जाएगा। कोल्ड बॉक्स में कंडशिनिंग आइस पैक लगाया जाएगा। इसका तापमान वैक्सीन के हिसाब से प्लस टू से प्लस आठ तक रहेगा। उन्होंने बताया कि स्पेशल वैन एक या एक से अधिक होगी, अभी इस पर शासन की ओर से निर्णय लेना बाकी है।

कोरोना वैक्सीन आम जनता तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया जाएगा। इससे पहले उन्हें विभाग की ओर से प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें वैक्सीन देने के तरीके व अन्य जरूरी बातों के बारे में जानकारी दी जाएगी। हालांकि इससे पहले स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन दी जाएगी। वहीं कोरोना वैक्सीन देने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का डाटा बेस बनाने में सहयोग कर रही यूएनडीपी को काफी परेशानी हो रही है। निजी अस्पतालों की अनदेखी के कारण अब तक डाटा पूरी तरह से बन नहीं सका है। यूएनडीपी के जिला वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर विनोद शुक्ला ने बताया कि अब तक निजी अस्पताल के 5072 कर्मियों की जानकारी ही मिली है, जबकि सरकारी संस्थान से जुड़े दस हजार सात सौ स्वास्थ्य कर्मियों का डाटा मिल चुका है।

## हैदराबाद का नाम बदलने के सीएम योगी के बयान का अखाड़ा परिषद ने किया समर्थन, महंत नरेन्द्र गिरि बोले-'भाग्यनगर से बदलेगा ओवैसी का भी भाग्य'

**प्रयागराज।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद की एक चुनावी सभा में सीएम योगी द्वारा हैदराबाद का नाम बदलकर 'भाग्यनगर' किए जाने के बयान का अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने समर्थन किया है। परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि ने कहा है कि अतीत में कई शहरों के नामों का इस्लामीकरण किया गया। हैदराबाद का नाम बदलकर भाग्यनगर हो जाना चाहिए। यदि वास्तव में ऐसा हुआ तो अन्य लोगों के साथ एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी का भी भाग्य बदल जाएगी।

महंत नरेन्द्र गिरि ने कहा कि सांसद असदुद्दीन ओवैसी को हैदराबाद का नाम बदलने का विरोध नहीं करना चाहिए। गौरतलब है कि हैदराबाद में नगर निगम चुनाव प्रचार में रोड शो के बाद एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा था कि 'क्या हैदराबाद का नाम भाग्यनगर हो सकता है, हमने फैजाबाद का नाम अयोध्या किया। हमने इलाहाबाद का नाम प्रयागराज किया। ये हमारे संस्कृति के प्रतीक हैं। तो हैदराबाद का प्राचीन नाम भाग?यनगर क्यों नही हो सकता। कोई साम्प्रदायिक नाम नहीं चलेगा, हैदराबाद को भाग्यनगर बनाने के लिए आप सबको साथ देना होगा। मैं अयोध्या से आया हूं।'

उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके हैदराबाद और तेलंगाना के नागरिकों को वहां बसने का अधिकार मोदी की सरकार ने दिया। आपके पूर्वज लगातार राम मंदिर के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन निजामशाही की सोच रखने वाले उनकी राह में बाधक बन रहे थे। मोदी जी के नेतृत्व में अयोध्या में 492 वर्षों में पहली बार अवसर दिलवाया। यहां केसीआर की सरकार ने विकास को रोक कर रखा है। उत्तर प्रदेश में सरकार ने 35 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया। सवाल है कि केसीआर सरकार से बाढ़ पीड़ितों को मिलने वाली राशि जनता के सीधे खाते ने क्यों नही दी गई। सीएम योगी ने कहा कि एक नदी यहां पर भी है लेकिन टीआरएस की सरकार उसे और गंदा कर रही है। यहां की टीआरएस और एमआईएम मिलकर उसे उपेक्षित किए हुए हैं। यहां की सरकार और कॉर्पोरेशन में जो लोग बैठे हैं उनका विकास से कोई वास्ता नहीं है। सीएम योगी के रोड शो के दौरान हैदराबाद में ह्यआया आया शेर आया.... राम लक्ष्मण जानकी, जय बोलो हनुमान कीह्व, योगी-योगी, जय श्री राम, भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगे। उन्हें देखने के लिए उत्साहित लोग सड़कों, घरों की छतों और खिड़कियों पर जमा थे। वहीं से हाथ हिलाकर उनका अभिवादन कर रहे थे। लोगों के इस रिस्पांस से उत्साहित सीएम योगी ने जनसभा में कहा था कि जनता अब बहुत दिनों तक निजामशाही के पिछलग्गुओं को टिकने नहीं देगी।

## गुरुद्वारों में सजा कीर्तन-दरबार, गूंजी गुरुवाणी

**प्रयागराज।** मानवीय एकता, त्याग और समपर्ण की प्रतिमूर्ति सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरुनानक देव का पवित्र प्रकाश उत्सव श्रद्धा, उल्लास से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा खुल्दाबाद में सुबह श्री अखंड पाठ साहिब का समापन हुआ। कीर्तन-दीवान सजाया गया। संगत ने सोशल डिस्टेंसिंग के साथ माथा टेका और अरदास किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत में लंगर छका। रागी जत्था अमरदीप सिंह ने गुरु नानक तेरे गुण गावां, बहुड़ जनम ना आवां...प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। गुरुनानक गुरुद्वारा सदियापुर में साप्ताहिक सहज पाठ की समाप्ति हुई। निशान साहिब की सेवा की गई। गुरुवाणी कीर्तन दीवान सजाया गया। गुरुद्वारा पक्की संगत, गुरुद्वारा मीरापुर, गुरुद्वारा अलोपीबाग में शबद-कीर्तन हुआ। महामारी को देखते हुए घरों में ही गुरु के निमित्त दीप जलाकर अरदास की।



गुरूद्वारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की स्थायी कुलपति का पद ग्रहण किया

**प्रयागराज।** इलाहाबाद केंद्रीय विश्व विद्यालय (इविवि) की नई कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव ने सोमवार को नया पदभार ग्रहण कर लिया। वर्ष 2005 में केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त होने के बाद वह इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय की चौथी स्थायी कुलपति हैं। नार्थ हाल स्थित कुलपति कार्यालय में शिक्षकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस दौरान शिक्षकों से उन्होंने कहा कि सोए हुए विश्वविद्यालय को जगाना होगा। इस कार्य में शिक्षकों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। नवनियुक्त कुलपति का कहना था कि जितनी आप सभी शिक्षकों की उम्मीद हमसे हैं, उतनी ही मेरी उम्मीद भी आप सबसे है। सभी को मिलकर काम करना है। कोरोना काल में भी विश्वविद्यालय को गति देनी होगी। सबसे पहले हम सभी को समय का पाबंद होना होगा। समय से आएं और दायित्व निवर्हन में सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हम सभी को समय का पाबंद होना होगा। समय से आएं और सक्रिय रहें। खुद को एडहॉक पर मान कर काम करें, जिससे बेहतर काम होगा। एडहॉक पर मानेगे तो स्थायी के लिए भी प्रयास होगा।



पदभार ग्रहण के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए

# सड़क हादसे में पत्नी की मौत, पति गंभीर घायल

## कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर हाईवे पर हुआ दर्दनाक हादसा

**कल्यानपुर कौशांबी।** प्रयागराज शहर के कालिंदीपुरम ओपीएस कॉलोनी के रहने वाले अमरनाथ अपनी पत्नी सुशीला देवी के साथ बाइक से अपनी ससुराल फतेहपुर जनपद के खागा क्षेत्र के अफोही जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दंपत्ति कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर हाईवे के पास पहुंचे थे कि तेज गति वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया जिससे पति-पत्नी सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल होकर तड़पने लगे इस हादसे में महिला की मौके पर मौत हो गई है और पति गंभीर रूप से घायल है घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतक महिला के लाश को कब्जे में लेकर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और ससुराली जन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। घटनाक्रम के मुताबिक प्रयागराज के कालिंदीपुरम ओपीयस कॉलोनी के रहने वाले अमरनाथ की ससुराल फतेहपुर जनपद के खागा थाना क्षेत्र के अफोही कस्बे में है अमरनाथ के ससुराल में सगाई कार्यक्रम है जिससे अमरनाथ अपनी पत्नी सुशीला देवी को लेकर बाइक से अपनी ससुराल जा रहे थे बाइक सवार दंपत्ति जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर हाईवे पर पहुंचे सड़क चौड़ीकरण के चलते वन वे सड़क कर दी गई है जिससे सड़कों पर एक हिस्से से ही सभी वाहन गुजरते हैं बाइक सवार जा रहे थे इसी बीच तेज गति वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार पति पत्नी सड़क पर गिर पड़े हैं गंभीर हालत में घायल पति-पत्नी तड़प रहे थे और देखते-देखते कुछ देर में मौके पर उनकी पत्नी सुशीला देवी उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई है।

हादसे में बाइक चालक अमरनाथ गंभीर रूप से घायल हैं घायल अमरनाथ को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें रेफर कर दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग पहुंचे और हादसे की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस भी मौके पर पहुंची है और मृतक महिला की लाश को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी परिजनों और ससुरालीजनों को दे दी गई है दोनो परिवार के लोग भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं।



हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस

## संक्षेप समाचार

### कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ तुलसी पूजन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं को मंदिरो मे दर्शन पूजन कर देव दीवाली पर सुख शांति की कामना करते देखा गया। वहीं घर घर के आंगन मे कार्तिक पूर्णिमा पर प्रातः बेला मे तुलसी पूजन भी किया गया। श्रद्धालु महिलाओं ने मां तुलसी को अक्षत पुष्प समर्पित करते हुए दीप जलाये। महिलाओं व बच्चो ने तुलसी की आरती उतारी तथा प्रसाद वितरण किये। पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम, बूढेश्वर नाथ, नगर के हरिहरमंदिरम्, इनहन भवानी समेत विभिन्न मंदिरो मे तुलसी पूजन के आयोजन हुये। हालांकि कोरोना के कारण इस बार लालगंज का कार्तिक पूर्णिमा का परम्परागत मेला नही लग सका।

### दुर्घटना में युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित बाइक के खडी कार मे टकरा जाने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। कोतवाली नगर के रामदुलार मौर्य का पुत्र शैलेश मौर्य 32 रविवार को लालगंज किसी कार्यक्रम मे शामिल होने आया था। देर रात वह बाइक से प्रतापगढ़ सिटी घर वापस जा रहा था। लीलापुर चैकी के समीप बाइक अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे के किनारे खडी एक कार मे टकरा गई। दुघर्टना मे शैलेश की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर चैकी इंचार्ज बीडी राय मौके पर पहुंचे तथा गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्तपाल भेजवाया। वहां चिकित्सको ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

### शादी से पहले घर से भागी युवती, मई में होनी थी शादी

**प्रतापगढ़।** गोद भराई के एक माह बाद युवती अपने घर से फरार हो गई। उसकी मां ने थाने में एक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।पट्टी थाना क्षेत्र के मोलनापुर की एक युवती रविवार रात घर से अचानक गायब हो गई। एक माह पूर्व उसकी गोद भराई की रस्म हुई थी। उसकी शादी मई में होनी है। युवती की मां ने भरोखन के एक युवक के विरुद्ध बेटी को भगा ले जाने की तहरीर दी तो पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया। पट्टी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## अनियंत्रित वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग भोला चौराहे पर बाइक सवार दो युवकों को तेज गति वाहन ने टक्कर मार दिया है जिससे दोनों युवक घायल हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार है।

जानकारी के मुताबिक अमाव थाना खागा फतेहपुर निवासी तस्लीम पुत्र रज्जब उद्दीन अपने साथी इशाक अहमद पुत्र इम्तियाज के साथ कही जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनो युवक सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा कस्बे के भोला चौराहे के पास पहुँचे कि अनियंत्रित वाहन ने दोनों युवकों को टक्कर मार दिया है इस हादसे में तस्लीम उम्र 28 वर्ष पुत्र रज्जब उद्दीन और इशाक अहमद उम्र 29 वर्ष पुत्र इम्तियाज सड़क पर गिर पड़े हैं हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हैं दुर्घटना के बाद वाहन चालक वाहन समेत फरार हो गय। मौके पर पहुंचे लोग और अखिलेश केसरवानी ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों संग आये ग्राम प्रधान असरार अहमद घायलों का इलाज करवाने प्रयागराज ले गए।वही प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया दुर्घटना कारित करने वाला वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग में निर्माण कार्य मे लगे पीएनसी का वाहन था।



घायलों का इलाज करते चिकित्सक

## समाज को सही दिशा देने का काम करता है शिक्षक : बाबूलाल

**कौशांबी।** जवाहर नवोदय विद्यालय टेवा में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया है इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक बाबूलाल मिश्र और उनकी धर्मपत्नी को रामायण गीता वस्त्र आदि वस्तुएं देकर माल्यार्पण कर शिक्षकों ने उन्हें सम्मानित किया है। शिक्षक सम्मान समारोह के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक बाबूलाल मिश्र ने कहा कि इस समाज को सही मार्गदर्शन देना ही शिक्षक का कर्तव्य होता है नौनिहाल बच्चों में देश भक्ति की भावना जागृत कर और सही मार्गदर्शन देकर जहां शिक्षक छात्रों का भविष्य बनाता है जिससे आगे चलकर वही छात्र देश की अव्यवस्था को सुधार करने में सहायक होता है शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम को जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य विमल कुमार मिश्र शिक्षक शिवजी त्रिपाठी रमेश चंद्र खरे ललिता वर्मा हरिहर राय रश्मि सुजीत राय राघवेंद्र खुर्शीद अहमद आदि ने संबोधित कर शिक्षकों और छात्रों के दायित्व पर प्रकाश डालते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक के योगदान पर चर्चा किया है। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक बाबूलाल मिश्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य विमल कुमार मिश्र ने कहा कि बाबूलाल मिश्रा ने हमेशा ईमानदारी कर्तव्य परायणता समय बाध्यता तत्परता से उन्होंने अपनी पूरी सेवा शिक्षा विभाग में दी है उन्होंने बताया कि हमीरपुर फतेहपुर भदोही बनारस प्रयागराज सहित विभिन्न जनपदों में वह शिक्षक के पद पर रहे और खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर वह प्रोन्नत हुए और उसके बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं शिक्षक सम्मान दिवस के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक बाबूलाल मिश्र ने कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों हाथों और गणमान्य लोगों को आशीर्वचन दिया है इस मौके पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



सेवानिवृत्त शिक्षक बाबूलाल मिश्र और उनकी धर्मपत्नी को सम्मानित करते हुए

### अवैध तरीके से हो रहे बालू खनन पर नहीं लगी रोक

**पिपरी कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के लोधौर पुलिस चौकी अंतर्गत सेवढा और तकिया गांव के यमुना नदी के घाटों से बालू का अवैध खनन नदी की बीच जलधारा से बेखौफ तरीके से हो रहा है कई बार स्थानीय लोगों ने अवैध खनन पर प्रशासन को सचेत किया। यमुना नदी से अवैध बालू खनन कर हरदर मऊ की बाग में भी बड़ी तादाद में डंप किया गया था जिसे कुछ महीने पहले बेच लिया गया है लेकिन यमुना नदी से अवैध बालू निकासी कर गधा खच्चर ट्रैक्टर के सहारे बाहर परिवहन किया जा रहा है बालू के अवैध खनन में खनन विभाग के साथ-साथ स्थानीय पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है लेकिन बार-बार अवैध खनन पर जानकारी उपलब्ध कराए जाने के बाद भी खनन पर रोक नहीं लग रही है जबकि यमुना नदी के बीच जलधारा से बालू खनन का किसी प्रकार का शासनादेश नहीं है लेकिन खनन में लगे लोगों पर खनन विभाग द्वारा कार्यवाही ना किया जाना तमाम सवाल उत्पन्न कर रही है।

## जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की जिंदगी बचाने में मिली मदद : एडीएम

### एक महीने चलने वाले यातायात माह नवंबर 2020 का मंझनपुर चौराहे पर हुआ समापन

**कौशाम्बी।** दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात जागरूकता कार्यक्रम पूरे नवंबर माह चलाया जाता है यातायात कार्यक्रम के अंतिम दिन आज यातायात कार्यक्रम का समापन मंझनपुर चौराहे पर यातायात पुलिस द्वारा किया गया है।

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी श्री मनोज ने कहा कि यातायात जागरूकता कार्यक्रम से लोगों को जागरूक कर सड़क दुर्घटनाएं कम करने में मदद मिली हैं उन्होंने कहा कि जब वाहन चालकों को यातायात के नियमों की पूरी जानकारी होगी और दुर्घटना के भयानक परिणाम से वह अवगत होंगे तो वाहन चलाते समय चालक सावधान रहेंगे इसलिए यातायात की जागरूकता समय-समय पर करते रहना चाहिए इस मौके पर उन्होंने कहा कि वाहन चालकों के साथ सड़क पर निकलने वाले आम जनता को भी यातायात के नियमों की पूरी जानकारी होना आवश्यक है तभी दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सकती है। यातायात समापन दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने कहा है कि यातायात जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की जिंदगी बचाने में इस वर्ष भी मदद मिली है इसलिए जागरूकता अभियान में लगे पुलिस के कर्मचारियों और सामाजिक संगठन के लोगों के सराहना होनी चाहिए इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर एआरटीओ कौशांबी यातायात निरीक्षक यातायात उपनिरीक्षक सहित तमाम सामाजिक लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित कर यातायात के नियमों पर प्रकाश डालते हुए लोगों से अपील की है कि वह सड़क पर निकले तो पूरी सावधानी बरतें।




यातायात समापन दिवस पर उपस्थित अधिकारी और जनता

## लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन-2020 को निष्पक्ष शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पोलिंग पार्टियाँ हुई रवाना

### जिलाधिकारी ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल पर निरन्तर भ्रमणशील रहकर लेते रहे जायजा

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2020 के मतदान दिनांक 01 दिसम्बर को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी डा0 रूपेश कुमार ने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल राजकीय इण्टर कालेज का निरन्तर भ्रमणशील रहकर जायजा लेते रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक के निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद में 19 मतदान केन्द्र बनाये है जिसमें राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़, तहसील सदर अन्तर्गत न्यायालय नायब तहसीलदार गड़वारा तथा 17 विकास खण्ड जिसमें ब्लाक सदर, सण्ड़वा चन्द्रिका, मानधाता, पट्टी, आसपुर देवसरा, मंगरौरा, शिवगढ़, बाबा बेलखरनाथधाम, गौरा, लालगंज, रामपुर संग्रामगढ़, सांगीपुर, लक्ष्मणपुर, कालाकांकर, कुण्डा, बाबागंज एवं बिहार को मतदान केन्द्र बनाया गया है। लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक के निर्वाचन हेंतु राजकीय इण्टर कालेज से 62 पोलिंग पार्टियो को रवाना किया गया है इसके साथ ही 07 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों को निर्वाचन शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी अधिकारीध्कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करेगें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि 19 मतदान केन्द्रों पर लखनऊ खण्ड स्नातक के 37201 मतदाता एवं शिक्षक के 5569 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। निर्वाचन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा सुझाव के लिये कन्ट्रोल रूम नम्बर 05342-220431 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) शत्रोहन वैश्य, मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल पर जायजा लेते जिलाधिकारी

## खाकी की कार्यप्रणाली से नगरवासियों तथा व्यवसाईयों मे पनपा आक्रोश, चालान के नाम पर उत्पीड़न

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली से नगरवासियो के साथ साथ व्यवसाईयों मे आक्रोश पनप उठा है। नगर के इंदिरा चैक से लेकर कोतवाली गेट व दूसरी ओर अस्पताल तक बीते तीन दिनों से पुलिस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। लखनऊ-वाराणसी हाइवे के दोनो ओर पक्की नाली बनने से दुकानो पर सामान खरीदने आने वाले लोग बाइक किनारे खडी कर खरीददारी मे लग जाते है। इस बीच पुलिस जाम न लगने पाये इस बात को देखते हुए बाइको व वाहनो को हटवाने के बजाय ताबडतोड चालान करने लगती है। यह देख लोग पुलिस से मिन्नत करते है तो उन्हें कडी फटकार का सामना करना पडता है। इस बाबत दुकानदारो का कहना है कि पटरी के किनारे बाइक खडी कर लोग सामान खरीदने आते है, लेकिन पुलिस के तुरंत चालान करने से ग्राहक भाग निकलते है। ऐसे मे उनके व्यवसाय पर भारी असर पड़ रहा है। दुकानदारों के मुताबिक एनएच ने जो बाइक खडी करने की गाइडलाइन बनाई है ग्राहक उसका पालन भी करते है लेकिन पुलिस जाम लगने की बात कहते हुए मनमानी पर उतारू हो गयी है। यही हाल घुइसरनाथ रोड, कालाकांकर रोड पर भी है। लोग पुलिस के ताण्डव से हलाकान है। उधर नगरवासियो का कहना है कि पुलिस की कार्यप्रणाली के चलते वह बाइक खडी नही कर पाते है। इनका कहना है कि दुकानो के सामने ही हाइवे के किनारे बाइक इसलिए खडी करना पडता है क्योकिं पक्की नाली से सड़क की ऊंचाई अधिक है, जिससे बाइको को रोड के किनारे खडी करना उनकी मजबूरी बनती है। अभी तक निर्धारित एरिया मे ही बाइक खडी कर लोग खरीददारी करने पहुंचते थे लेकिन बीते तीन दिनो से पुलिस किसी को भी दुकानो के सामने बाइक नही खडी करने दे रही है। प्रमुख समस्या यह है कि बाइक लेकर लोग आते है तो खरीददारी से पहले वह बाइक कहां खडी करें, यह भी बडा सवाल है। इसके लिए कोतवाली पुलिस की ओर से पार्किग की भी कहीं व्यवस्था नही की गई है। ऐसे मे बाइक खडी करते ही चालान करना सीधे सीधे पुलिस की ज्यादती दर्शार्ता है। नगरवासियो का कहना है कि खरीददारी के लिए कुछ देर बाइक तक पुलिस दुकानों के सामने नही खडी करने दे रही है जबकि लालगंज मे मस्जिद के सामने अवैध टेम्पो स्टैण्ड संचालित होता है। पुलिस के सामने ही रोड पर खडी कर सवारियां भरी जाती है। जिससे जाम भी लगा रहता है। लेकिन पुलिस को सारी समस्या खरीददारी करने वाले दोपहिया व चारपहिया वाहनो से होती है। नगर के घुइसरनाथ रोड व कालाकांकर रोड व तहसील रोड पर भी अवैध रूप से वाहन खडे कर डग्गामारी की जाती है। यह भी देखकर पुलिस दूसरे तरफ मुंह मोड लेती है। नगरवासियो का यह भी तर्क है कि अपने वाहन को वह घरो के सामने दिन मे नही खडा करेगें तो अपना वाहन लेकर वह किधर जायें।

## चार दिन संभलने के बाद फिर लुढ़का पारा

**प्रतापगढ़।** पिछले चार दिन से संभल रहा पारा आखिरकार रविवार रात फिर लुढ़कने लगा। रात के अलावा दिन के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। आधी रात से सुबह तक ठंड ने लोगों को खूब परेशान किया।बीते चार दिन से रात व दिन के तापमान में उछाल बना हुआ था। सर्द हवा के बावजूद तेज धूप की वजह से ठंड से लोगों को राहत रही। रविवार शाम से ही चल रही पुरवा हवा रात में बेहद ठंड हो गई। इसके कारण रात के पारे में एक डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। यही वजह रही कि सर्द हवा के आगे ठंड ने भी आधी रात से सुबह तक लोगों को परेशान किया। सोमवार सुबह ठंड बनी रही लेकिन धूप खिलने के बाद लोगों को इससे राहत मिली। दोपहर में लोग गर्म कपड़ों से दूर दिखे। बावजूद इसके दिन के पारे में मामूली गिरावट देखी गई। सनई अनुसंधान केंद्र के मौसम विशेषज्ञ देशराज मीना ने बताया कि पहाड़ों से आ रही सर्द हवा के कारण पारे में गिरावट हुई है। अब पहाड़ों पर बर्फबारी तेज हो गई है। जल्द ही सर्द हवा का असर मैदानी इलाके में भी दिखने लगेगा।

## कथाश्रवण मात्र से कलियुग में मिल जाया करते है सहश्र पुण्य : अरूण जी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के समीप मनीपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को कथाव्यास पंडित अरुण त्रिपाठी जी महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा के रास चित्रण के बाद कान्हा रुक्मणी विवाह का विस्तृत मनमोहक चरित्र चित्रण किया। उन्होने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य कलियुग के कलिकाल मे सहश्र पुण्य का स्वयं भागीदार हो जाया करता है। उन्होने कहा कि ईश्वर के प्रति आराधना मे भक्त को कुछ मांगना नही पड़ता, भगवान स्वयं उसकी आवश्यकता के शाश्वत पोषक हुआ करते है। आचार्य अरूण त्रिपाठी जी ने कहा कि ज्ञान की सरस्वती एक ऐसी प्रवाहमान गंगा है जिसमे गोते लगाने पर जीवन का समस्त लौकिक सुख भी स्वयं मानव जीवन को उसकी दशा तथा दिशा संवार दिया करता है। आचार्य अरूण जी ने कहा कि कलियुग मे धर्म की उपासना ही कष्ट से मुक्ति का एक मात्र साधन है तथा संत समागम से हम अपने नैतिक जीवन को सजा व संवार सकते है। कथा श्रवण को पहुंचे पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी भागवत महात्म्य से क्षेत्र मे विकास और सुख शांति के समृद्धि होने की कामना की। इस अवसर पर रामफेर पांण्डेय, डा. रामसजीवन त्रिपाठी, प्रो. राजेंद्र प्रसाद शुक्ला पूर्व प्राचार्य ज्ञानेंद्र नाथ त्रिपाठी आदि रहे।



कथा सुनाते आचार्य अरूण जी

## युवा एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन ने मनाया हर साल की भांति स्थापना दिवस

**प्रतापगढ़।** युवा एंटी करप्शन ऑगेर्नाइजेशन टीम जो एक समाज हित और गरीबों की मदद भ्रष्टाचार को दूर करने में एक अलग पहचान बनाई हुई है लगभग सभी प्रदेशों में उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में यह संस्था कार्यक्रम सभी जिले के युवाओं द्वारा गरीबों की मदद मिस्टर से संबंधित मामले पर कार्य किया जाता है कल इसकी स्थापना दिवस थी इस के स्थापना दिवस पर तमाम अधिकारी गण तमाम जिलों के लोग भाई बहन इकट्ठा हुए और इसकी स्थापना दिवस धूमधाम से मनाई गई संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय राहुल तिवारी और मुख्य अतिथि के रुप में आए मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय श्री बी एन त्रिपाठी और प्रतापगढ़ जिले से जिला अध्यक्ष पवन त्रिगुणायत जी रायबरेली जिले से जिला अध्यक्ष विनय शुक्ला जी संस्था के कार्यक्रम में आदरणीय एनएसजी कमांडो संजय जी आर आर महाविद्यालय के प्रबंधक संजय यादव जी प्रतापगढ़ बैजलपुर कोतरा महाविद्यालय के प्रबंधक संतोष सिंह जी सभी जिलों के जिला अध्यक्ष तथा अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे एक दूसरे से जान पहचान हुई जो अन्य जिलों से और प्रदेशों से आए हुए थे युवाओं में जोश देखकर बहुत अच्छा लगा कि समाज ही देश हित में एक ऐसी संस्था है सुबह इंटीग्रेशन ऑगेर्नाइजेशन टीम जो हर गरीब के साथ खड़ी हुई है और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई उच्च अधिकारियों के संज्ञान में डालकर उनके खिलाफ करवाई जाती है यह संस्था केवल मात्र अपने उद्देश्यों पर ही कार्य करती है संस्था में बहनों ने भी बढ़-चढ़कर हर जिलों से भाग लिया और संस्था के साथ कार्य कर रही है।

## जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की द्वितीय स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं में दिखी उमंग



स्थापना दिवस मनाते कार्यकर्ता

**प्रतापगढ़।** जन सेवा संकल्प दिवस के रूप में जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का। द्वितीय वर्ष धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बाबागंज विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष माननीय विनोद सरोज जी, की अगुवाई में संचालन कर रहे मुक्तेश्वर नाथ ओझा उर्फ मुक्कू भैया, समस्त कार्यकताओं ने बड़े धूमधाम से केक काट के वर्षगांठ मनाया प्रमुख रूप से जिसमें माननीय लाल साहब जी ,पूर्व प्रमुख विवेक त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष रामअचल वर्मा, जी पूर्व सदर प्रमुख विनय सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार गुप्ता (एडवोकेट) महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष वंदना उपाध्याय जिला सचिव संतोष द्विवेदी जी, युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष आदि रहे।